# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/दीक्षांत/2025/1571 दिनांक 20.9.2025

## //संशोधित सूचना//

जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में दिनांक 22/09/2025 को आयोजित किए जाने वाले दीक्षांत समारोह 2025 में पी.एच.डी./स्नातकोत्तर उपाधि एवं स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने गणवेश/जैकेट एवं पगड़ी अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर से दिनांक 21/09/2025 को प्रातः 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक एवं दिनांक 22/09/2025 को प्रातः 08:00 बजे से 09:15 बजे तक प्राप्त कर सकते है ।

आदेशानुसार

[signature] 20/9/25

कुलसचिव

# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

## दीक्षांत समारोह 2025 के आयोजन संबंधी **संशोधित निर्देश**

1. दीक्षांत समारोह अटल बिहारी इंटरनेशनल कन्वेशन सेंटर, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में दिनांक 22/09/2025 को प्रातः 11:00 बजे से आयोजित होगा ।
2. दीक्षांत समारोह में पी–एच.डी. एवं स्नातकोत्तर की उपाधियां प्रदान की जावेंगी ।
3. दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक के पात्र छात्र/छात्राओं की सूची पृथक से विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर उपलब्ध है ।
4. दीक्षांत समारोह में पी–एच.डी. स्तर एवं स्वर्ण पदक धारी छात्र/छात्राओं को मंच से उपाधि एवं स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेंगे तथा स्नातकोत्तर स्तर के छात्र/छात्राओं को सभागार में एक साथ खड़े कर उपाधियां प्रदान की जावेगीं ।
5. दीक्षांत समारोह में भाग लेने वाले छात्र/छात्रायें अनिवार्य रुप से दिनांक 22/09/2025 को प्रातः 09:30 तक सभागार में अपना स्थान ग्रहण कर लें । 09:30 बजे के पश्चात किसी भी छात्र/छात्राओं को सभागार में प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी ।
6. समारोह में सभी प्रतिभागी निर्धारित गणवेश में, **छात्राओं के लिए सफेद साड़ी ब्लाउज/सफेद सूट तथा छात्रो के लिए सफेद कुर्ता–पजामा** पहनकर उपस्थित हों ।
7. गणवेश के अधोवस्त्र के रुप में साफा एवं जैकेट विश्वविद्यालय से रुपये 1000/– धरोहर राशि जमा कर प्राप्त की जा सकेगी जो कि कार्यक्रम के समापन के पश्चात उसी दिन वापिस करनी होगीं । जैकेट एवं साफा वापिस होने पर संबंधित छात्र को धरोहर राशि तत्काल वापिस कर दी जायेगी ।
8. साफा एवं जैकेट सभागार के बगल में स्थित आर्ट गैलरी में निर्धारित स्थान से प्राप्त की जा सकेगी।
9. समारोह के दौरान समस्त आगन्तुक निर्धारित स्थान पर शांतिपूर्वक बैठेंगे तथा सभागार में शोभा यात्रा के आगमान एवं निर्गमन के समय अपने स्थान पर खड़े रहेंगे ।
10. सभागार में समारोह के दौरान समस्त मोबाइल स्विच ऑफ रखने होगें ।
11. समारोह में भाग लेने वाले छात्र/छात्रायें एवं आगन्तुक निर्धारित स्थान पर ही अपने वाहन पार्क करेंगे।
12. समारोह में भाग लेने वाले छात्र/छात्रायें यदि अपने साथ किसी परिजन को लाना चाहते है तो उन्हें इसकी सूचना पहले से ही समारोह संयोजक को देनी होंगी ताकि परिजनों की बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकें ।
13. समारोह में प्रतिभागिता हेतु यदि कोई छात्र/छात्रा आवासीय व्यवस्था चाहता है तो उसे विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में एक दिन पूर्व सूचना देकर अपना कक्ष आरक्षित कराना होगा ।
14. समारोह में आमंत्रण पत्र लाना अनिवार्य होगा ।
15. सभागार में धूम्रपान करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा ।
16. दीक्षांत समारोह एक गरिमामयी कार्यक्रम है इसलिए सभागार में उपस्थित प्रत्येक प्रतिभागी को उपरोक्तानुसार दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन करना होगा ।

आदेशानुसार
[signature] 20/9/25
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1. माननीय कुलगुरुजी के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।
3. वित नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
4. श्री एच.के. द्विवेदी की ओर निर्देश के साथ कि वे दीक्षांत आयोजन संबंधी दिशा निर्देशों को विश्वविद्यालय की वेबासाइट पर अपलोड करें ।

[signature]
सहा./उपकुलसचिव (अकादमी)